हम सेवादार है | By Shri Shyam Singh Chouhan

जिसकी चौखट पे झुकता ये संसार है
उसकी चौखट के हम तो सेवादार हैं
ये श्याम से प्रीत लगाने का उपहार है
सेवादार हैं हम सेवादार हैं

जो दीन दुखी होते हैं उनके दु:ख दूर है करता
जो खाली झोली लाएं उनके भंडारे भरता
लख लख कर देता ऐसा लखदातार है
सेवादार हैं हम सेवादार हैं

कोई प्रेमी इनका हमको जब भी कहीं मिल जाता
एक अनजाना प्यारा सा रिश्ता उनसे बन जाता
अपनों से बढ़कर मिलता उनसे प्यार है
सेवादार हैं हम सेवादार हैं

ये एक ही सच्चा द्वारा आलू सिंह जी ने बताया
जो सच्चे मन से ध्यावे उसे बाबा से मिलवाया
कहे श्याम किया था घर घर में प्रचार हैं
सेवादार हैं हम सेवादार हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b9%e0%a4%ae-%e0%a4%b8%e0%a5%87%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b0-%e0%a4%b9%e0%a5%88-by-shri-shyam-singh-chouhan/